
# रिंगो बिल्ली ने कैसे जान बचाई!!

## एक सच्ची कहानी

एंड्रयू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेयर




# रिंगो बिल्ली ने कैसे जान बचाई!!

## एक सच्ची कहानी




एंड्र्यू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेयर




कैरल अपनी मां से एक
नर्सिंग होम में मिलने गई.

वहाँ उसने जंगल में एक
बिल्ली देखी.



उस बिल्ली का अपना कोई घर नहीं था.

और उसकी पूंछ कटी हुई थी.







पॉल, नर्सिंग होम में ही रहता था.

उसने बिल्ली को खाने को कुछ दिया.

उसने कैरल से कहा, "हम बिल्ली को मित्ज़ी बुलाएँगे."





धीरे-धीरे करके मित्ज़ी बड़ी हो गई.

फिर उस बिल्ली के बच्चे होने वाले थे.

कैरल मित्ज़ी के लिए रोज़ाना खाना लेकर आती थी.

भोजन ने बिल्ली के अंदर बच्चों को बढ़ने में मदद की.

एक दिन मित्ज़ी गायब हो गई.

उसे किसी ने नहीं देखा.



वो आँगन में नहीं थी.



वो पास के जंगल में भी नहीं थी.

फिर जब पॉल ने उसे पाया,

तो मित्ज़ी अपने चार नए बच्चों के साथ थी!



कैरल उनमें से छोटी नारंगी
बिल्ली का बच्चा चाहती थी.

उसे देखकर कैरल को एक मोटे
छोटे कद्दू की याद आई.

लेकिन कैरल और उसके पति रे के
पास पहले से ही तीन बिल्लियाँ थीं.




फिर कैरल ने कहा, "अब हमें और
बिल्लियों की जरूरत नहीं है."



लेकिन नर्सिंग होम में एक बड़ा कुत्ता रहता था. उस कुत्ते को, बिल्लियाँ बिल्कुल पसंद नहीं थीं. इसलिए मित्ज़ी और उसके बच्चों को कहीं और रहना था.

कैरल ने कहा, “चलो, हम नारंगी बिल्ली के बच्चे को घर ले जाएंगे."



और फिर उन्होंने वही किया.

नया बिल्ली का बच्चा बहुत होशियार था.

जब वह बाहर जाना चाहता था, तो वो
अपने पैरों से टैप-टैप-टैप-टैप करता था.



जैसे वो एक ढोलक बजा रहा हो.

इसलिए कैरल ने उसका नाम रिंगो रखा.

धीरे-धीरे रिंगो बढ़ी




और बढ़ी



और बढ़ी.

फिर कैरल और रे बहुत बीमार पड़ गए.





उन्हें हर समय नींद आती थी
और उनका सोने का मन करता था.

एक दिन, रिंगो दरवाजे पर कूदी.

उसने टक्कर मारी!

वो रुकी नहीं.

अंत में कैरल ने उसके लिए
दरवाजा खोला.






रिंगो बाहर गई.

"म्यांऊ म्यांऊ!"

रिंगो चाहती थी कि कैरल भी उसके
साथ बाहर आए. जब कैरोल बाहर गई,
तब रिंगो आगे बढ़ी.





फिर एक स्थान पर वो रुक गई.

"म्यांऊ म्यांऊ!"

रिंगो चाहती थी कि कैरल भी उसके पीछे-पीछे आए.

रिंगो, कैरोल के आगे-आगे चली.

वे घर के आस पास ही थे.

फिर रिंगो ने ज़मीन को खोदना शुरू किया.

रिंगो ने उससे पहले वैसा कभी नहीं किया था.

फिर रिंगो ने खुदाई बंद कर दी.

"म्यांऊ म्यांऊ!"

रिंगो चाहती थी कि कैरल उसके पास आए.





कैरल उस खोदे गड्ढे के पास गई.

तब उसे पता चला कि रिंगो क्यों खुदाई कर रही थी.


उस गड्ढे में से गैस की गंध आ रही थी.

वो एक ऐसी गैस थी जो विस्फोट करके फट सकती थी!

कैरल तुरंत घर गई.

उसने मदद के लिए अन्य लोगों को बुलाया.

कुछ आदमी जल्दी आए.



उन लोगों ने वहीं खोदा जहां रिंगो ने खुदाई शुरू की थी.

वहां उन्हें एक टूटा हुआ गैस पाइप मिला.

एक आदमी ने कैरल से कहा,
"बड़ी अच्छी बात है कि आपने यह ढूंढ निकाला!"



कैरल ने कहा, "मैंने यह नहीं खोजा.
उसे रिंगो ने खोज कर निकाला है!"



उस गैस ने कैरल और रे को बहुत बीमार कर दिया था.

उससे उनके घर में आग भी लग सकती थी.

रिंगो ने उन्हें बचा लिया था.



कैरल और रे ने लोगों को रिंगो के बारे में बताया.

फिर रिंगो एक हीरो बन गई.

रिंगो टीवी पर भी आई.

एक अमीर आदमी ने रिंगो के बारे में सुना.

उसने कैरल को फोन किया और कहा,
"क्या तुम मुझे रिंगो को बेचोगे?

मैं तुम्हें उसके लिए बहुत पैसा दूंगा"



कैरल ने उस आदमी से कहा,

"हम रिंगो को कभी नहीं बेचेंगे.

रिंगो हमारे परिवार की सदस्य है!"



समाप्त